प्रादेशिक समाचार
दिनांक–06.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन राजधानी रांची में आज मंईयां सम्मान योजना की राशि डीबीटी के माध्यम से करेंगे जारी, ट्रैफिक रूट में किए गए बदलाव।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तीन रेल मंडल की विभिन्न रेल परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास और लोकार्पण।
- 68वें राष्ट्रीय स्कूल गेम्स प्रतियोगिता का हुआ आगाज, पहले दिन 1500 मीटर और 110 मीटर हर्डल दौड़ में खिलाडियों ने दिखाया जलवा।
- हॉकी इंडिया लीग में तमिलनाडु ड्रैगन्स ने यूपी रुद्रास को दो– शून्य से हराया, आज सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स से होगा।
- राज्य में ठंड का प्रकोप जारी, कल सुबह कोहरे का पूर्वानुमान।
- श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 358 वां प्रकाश पर्व आज, रांची में सजेगा विशेष दीवान।

*******************

राज्यस्तरीय मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम आज राजधानी रांची के नामकुम आर्मी ग्राउंड में होगा, जिसमें 3–4 लाख महिलाओं के शामिल होने की संभावना है। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 56 लाख लाभुकों के खातों में 5–5 हजार रुपये ट्रांसफर करेंगे। कार्यक्रम को देखते हुए ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव कर सुबह 8.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक मालवाहक गाड़ियों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर रांची उपयुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने तैयारियों का निरीक्षण किया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में 12,200 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाना और यात्रा को आसान बनाना सुनिश्चित करना है। मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में दुनिया की स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती की राजधानी बनने की अपार संभावनाएं हैं।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। जम्मू क्षेत्र में रेल संपर्क को और प्रोत्साहन देने के लिए प्रधानमंत्री नए रेल मंडल का उद्‌घाटन करेंगे। श्री मोदी तेलंगाना में चार्लापल्ली नए टर्मिनल स्टेशन का लोकार्पण करेंगे और ईस्ट कोस्ट रेल के रायगढ रेल मंडल भवन का शिलान्यास करेंगे।

*******************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन राजधानी सांवता समिति के तहत आयोजित सोहराय मिलन समारोह–2025 में सम्मिलित हुए। रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप, मोरहाबादी में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि सोहराय पर्व हमारी सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है।
इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा, समेत राजधानी सांवता समिति के अध्यक्ष और सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
*******************

राष्ट्रीय खादी और सरस महोत्सव 2024–25 के 17वें दिन कल लगभग 30,000 हजार लोगों ने मेले का आनंद लिया। झारखंड राज्य खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग द्वारा आयोजित इस मेले में पलाश ब्रांड के स्टॉल पर जेएसएलपीएस से जुड़ी सखी मंडल की सभी दीदियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आज कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा पायल बनारसी और दल नागपुरी और हिन्दी में गायन प्रस्तुति करेंगे।

*******************

पाकुड़ जिला प्रशासन पीवीटीजी पाठशालाओं में पढ़ने वाले आदिम जनजाति पहाड़िया बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर विशेष ध्यान दे रहा है।

*******************

हॉकी इंडिया लीग में तमिलनाडु ड्रैगन्स ने कल रात यूपी रुद्राज को 2–0 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। ओडिशा के राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में हुए मुकाबले में तमिलनाडु के आभारन सुदेव और थॉमस सोर्सबी ने गोल किए। इससे पहले राउरकेला में ही सूरमा हॉकी क्लब ने मौजूदा विजेता वेदांत कलिंग लांसर्स को 4–3 से मात दी। टूर्नामेंट में आज सूरमा हॉकी क्लब का मुकाबला दिल्ली एसजी पाइपर्स से होगा। यह मुकाबला रात सवा आठ बजे शुरू होगा।

*******************

मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में 68वें नेशनल स्कूल गेम्स प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर 19 एथेलेटिक्स खेलों का आगाज हुआ। पहले दिन 1500 मीटर दौड़ के दोनों वर्गों की प्रतियोगिता हुई। शाम में 110 मीटर हर्डल दौड़ की प्रतियोगिता हुयी. 8 जनवरी तक अंडर 19 एथेलेटिक्स के बाद 11–14 जनवरी तक अंडर 14 एथेलेटिक्स खेलों का आयोजन होगा। इन खेलों में देश भर से 736 खिलाडी शामिल होंगे जो 23 एथलेटिक इवेंट में अपना दम दिखाएंगे.

*******************

राज्य में शीतलहर चलने की वजह से ठंड का प्रकोप जारी है। मौसम केंद्र रांची ने बताया है कि आज और कल सुबह के समय कोहरा छाया रहेगा और बाद में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।
इधर हजारीबाग जिले में शीतलहरी की वजह से आम जीवन पर असर पड़ा है। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने एडवाइजरी जारी कर लोगों से अपील की है कि वे ठंड में अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें।

*******************

गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आज राजधानी रांची के गुरुनानक स्कूल सभागार में आज विशेष दीवान सजाया जायेगा. शहर के अन्य गुरुद्वारों में भी विशेष दीवान सजाया गया है, और अखंड पाठ रखा गया है। आज गुरु पर्व पर गुरूजी का अटूट लंगर भी बरतेगा।

*******************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अलग–अलग खबरों को अपने पहले पन्ने पर लिया है।
हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–जनता की राय से समावेशी बजट तैयार करेंगे।
को पहले पेज पर जगह दी है।
प्रभात खबर और दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा –तोड़ रहे हैं कर्ज की जंजीरें, बदल रहे हैं महिलाओं की तकदीरें।
दैनिक भास्कर ने लिखा है– चित्रकूट में 80 एकड़ में 100 करोड़ रूपए की लागत से बनेगा रामायण पार्क।
और अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी मंईयां सम्मान योजना के कार्यक्रम को प्रमुखता ही है।

*****************